Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:39 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:44 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 15 अंक 264 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. मंगलवार, 16 अप्रैल 2024

बड़े मियां छोटे मियां-मैदान ने...पेज-3 पर

News कॉर्नर

### आज भी बदला रहेगा मौसम का मिजाज, छह जिलों में बारिश के आसार

**देहरादून।** उत्तराखंड में आज भी मौसम का मिजाज बदला रहेगा। देहरादून समेत छह जिलों में बारिश के आसार है। उत्तराखंड के कुछ जिलों में आज (मंगलवार) भी मौसम बदला रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। हालांकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार पर्वतीय जिलों के कुछ इलाकों में तेज गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। उधर सोमवार को मैदानी इलाकों में बादल छाने से मौसम सुहाना रहा।

### पंजाब निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**रुद्रपुर।** सिडकुल की एक कंपनी में कार्यरत कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ?। पुलिस के मुताबिक पंजाब के मोहाली निवासी 33 वर्षीय विदित दवे नागर पुत्र दीपक नागर यहां ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में किराए के मकान में रहता था। वह सिडकुल की किसी कंपनी में काम करता था। बताया जा रहा है कि मंगलवार को वह ड्यूटी के लिए कंपनी जा रहा। कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक वह कंपनी के लिए ड्यूटी जाते समय अचानक गया। उसे आनन-फानन में एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही कारणों का पता चलेगा। फिलहाल मामला संदिग्ध मान कर जांच कर रही है।

## उत्तराखंड में आज से सील हो जाएंगी अंतरराष्ट्रीय सीमाएं

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

### 12 पोलिंग पार्टियां होंगी रवाना



उत्तराखंड में 11,729 पोलिंग बूथ पर 19 अप्रैल 2024 को मतदान होना है। मतदान को देखते हुए राज्य के सभी 13 जिलों में 293 उड़नदस्ते और 252 सांख्यिकी निगरानी टीम तैनात की गई हैं।

उत्तराखंड में मतदान को देखते हुए आज मंगलवार से अंतरराष्ट्रीय सीमाएं सील हो जाएंगी। वहीं, उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ की 12 पोलिंग पार्टियां भी मंगलवार को रवाना होंगी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने कहा, मंगलवार को रवाना होने वाली पोलिंग पार्टियों में 11 उत्तरकाशी जिले और एक पोलिंग पार्टी पिथौरागढ़ जिले की है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में मीडिया से वार्ता में कहा, उत्तराखंड में 11,729 पोलिंग बूथ पर 19 अप्रैल 2024 को मतदान होना है। मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। मतदान को देखते हुए राज्य के सभी 13 जिलों में 293 उड़नदस्ते और 252 सांख्यिकी निगरानी टीम तैनात की गई हैं। मतदान के दिन से 72 घंटे पहले इन सभी टीमों की ओर से अधिक गहनता से सत्यापन अभियान चलाया जाएगा।

मतदान से 72 घंटे पहले का समय कल से प्रारंभ हो जाएगा। अंतरराज्यीय सीमा पर भी सत्यापन अभियान सघनता से चलाया जाएगा। सभी चेकपोस्ट पर सघन जांच के निर्देश दिए गए हैं। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा, पोलिंग पार्टियों के रेंडमाइजेशन की कार्रवाई चल रही है। जो पोलिंग पार्टियां मंगलवार से रवाना होंगी, उन सभी पोलिंग पार्टियों को मंगलवार सुबह से सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने कहा, प्रदेश में मतदान को देखते हुए 17 अप्रैल शाम पांच बजे से 19 अप्रैल शाम छह बजे तक राज्य में ड्राई डे रहेगा।

कहा- यह तो बाबा साहब भी नहीं बदल सकते

## संविधान बदलने की बात पर गरजे प्रधानमंत्री मोदी

**पूर्णिया**
एजेंसी

पीएम नरेंद्र मोदी सुबह गया पहुंचे। उसके बाद पूर्णिया जाएंगे। गया में कार्यक्रम स्थल पर उनके पहुंचने के पहले ही भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की नारेबाजी हुई। पीएम पहुंचे तो वह विशेष रूप से अश्विनी चौबे और पशुपति पारस



से मिले। 19 अप्रैल को गर्मी कितनी भी हो, सुबह-सुबह मतदान करना होगा। हर पोलिंग बूथ जीतना है, जीतोगे? यह जीतन राम मांझी का काम नहीं है, मेरा है। घर-घर जाकर कहना कि मोदीजी आए थे, मेरा प्रणाम पहुंचा देना। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय में पहले पुरातनपंथी कहते थे तो हमने चंद्रयान के जरिए इनकी सोच को गलत साबित कर दिया। पीएम मोदी ने संविधान बदलने के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि स्वयं बाबा साहब अंबेडकर भी इस संविधान को नहीं बदल सकते तो भाजपा इसकी हिम्मत कैसे कर सकती। इन्हें पता होना चाहिए कि यह जो संविधान सभा थी, देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद उसका नेतृत्व करते थे। बाबा साहब का दिल, दिमाग और कलम इस संविधान को शब्दों में ढाल रहा था। देश के गणमान्य लोग विचार-विमर्श करते हुए भावनाओं को समझते हुए इसका निर्माण किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को मजबूत फैसला लेने वाली सरकार की जरूरत है। उन्होंने गया से जीतन राम मांझी और औरंगाबाद से सुशील कुमार सिंह को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि लालटेन का राज रहता तो मोबाइल की बैट्री भी आज चार्ज नहीं होती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभा में अपनी बातों की शुरुआत रामनवमी, राम मंदिर और नवरात्र से की।

उन्होंने कहा- सूर्य की किरणें कल अयोध्या में रामलला के मस्तक का विशेष अभिषेक करेंगी। घमंडिया गठबंधन के लोगों को राम मंदिर से भी परेशानी है। जो भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते थे, वह आज अजीब बातें कर रहे हैं। एक समुदाय के तुष्टीकरण के लिए राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया।

## कार्रवाई: आईटीआई गैंग गिरोहबंदी एक्ट में पाबंद

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

शहर के कुख्यात आईटीआई गैंग के खिलाफ पुलिस ने समाज विरोधी क्रिया कलाप अधिनियम और गिरोहबंदी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने डीएम के आदेश के बाद यह कार्रवाई की है।

आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपादित कराने के लिए पुलिस अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने शहर में आतंक का पर्याय बने आईटीआई गैंग को समाज विरोधी क्रिया कलाप अधिनियम और गिरोह एक्ट के तहत पाबंद किया है।

इस संबंध में पुलिस ने एक रिपोर्ट डीएम और एसएसपी को भेजी थी जिसके बाद कुख्यात आईटीआई गैंग के सदस्यों पर कार्रवाई की गई है। पुलिस की ओर से कहा गया था उक्त गिरोह की वजह से पूरे क्षेत्र में अराजकता का माहौल पैदा हो गया है। इनका आतंक इस कदर पसर चुका है कि लोगों इनके खिलाफ शिकायत तक नहीं कर पा रहे हैं। लोगों को भय दिखाकर दबंगई करना, मारपीट, गाली गलौज कर धार्मिक जमाव में विघ्न करने, उन्हें जान से मारने की धमकी का भय दिखाकर, जनता में भय व्याप्त करने अथवा दहशत पैदा करने हेतु अपराध करते रहे हैं।

जिसके बाद काठगोदाम पुलिस ने कई लोगों को गैंग चार्ट में अंकित किया गया है। पुलिस का कहना है कि गैंग लीडर अंकित जायसवाल व उसके अन्य अपराधियों के विरुद्ध जनता का कोई भी व्यक्ति रिपोर्ट लिखवाने व गवाही देने का साहस नही जुटा पा रहा है।

इनके कृत्यों से क्षेत्र की जनता में काफी भय है। उक्त अपराधी भारतीय दण्ड संहिता 1860 के अध्याय 16, 17 व 22 के अधीन दण्डनीय अपराध करने के आदी हैं। इनकी गतिविधियो पर न्याय हित व जनहित मे अंकुश लगाने के लिए गैंग चार्ट तैयार कर पुलिस क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी से अनुमोदित कराया गया है। पुलिस ने इनके कृत्यों को देखते हुए धारा 2/3 उ.प्र. गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## मुख्यमंत्री धामी का जोशीमठ में रोड शो
### भाजपा प्रत्याशी बलूनी के लिए मांगा समर्थन

**चमोली**
हमारे संवाददाता

गढ़वाल संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के समर्थन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जोशीमठ में रोड शो किया।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जोशीमठ में रोड शो कर भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के लिए समर्थन मांगा ।जोशीमठ इंटर कॉलेज चौराहा से चमोली टैक्सी स्टैंड तक रोड शो निकाला गया। इस दौरान सीएम धामी ने जनता के बीच सरकार की उपलब्धियों को रखा। रवि ग्राम खेल मैदान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनता से गढ़वाल संसदीय सीट के भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के लिए समर्थन मांगा।



## झेलम नदी में नाव डूबी, चार की मौत, दस छात्रों समेत कई लापता

**श्रीनगर**
एजेंसी

श्रीनगर के गंडबल नौगाम इलाके में एक नाव पलट गई। चार की मौत हो गई है। कई लोग लापता हैं और बचाव अभियान जारी है।

श्रीनगर में बड़ा हादसा हुआ है। यहां झेलम नदी में नाव डूब गई है। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, चार शव बरामद किए गए हैं लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा गया है कि जब नाव पलटी तो उसमें 20 लोग सवार थे। अभी बचाव अभियान जारी है। जानकारी के अनुसार, श्रीनगर के गंडबल नौगाम इलाके में एक नाव पलट गई है।

चार लोगों के शव मिल चुके हैं, अभी कई लोग लापता हैं, बचाव अभियान जारी है। स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दी है और विरोध



प्रदर्शन कर रहे हैं। स्थानीय लोग बता रहे हैं कि इस नाव में ज्यादातर बच्चे सवार थे। श्रीनगर प्रशासन ने बटवाड़ा के पास गंडबल में बचाव अभियान चल रहा है, यहां आज सुबह झेलम नदी में एक नाव पलट गई। श्रीनगर के डीसी डॉ. बिलाल मोहि-उद-दीन भट के निर्देश पर बचाव दल मानव जीवन की सुरक्षा के लिए मौके पर पहुंचे हैं। वोट हादसे को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्य उमर अब्दुल्ला ने कहा कि झेलम नदी पर नाव पलटने की खबर दुखदायी है। वह आशा और प्रार्थना करते हैं कि नाव पर सवार सभी लोगों को सुरक्षित और शीघ्रता से बचा लिया जाए। वहीं, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा, %नाव पलटने की दुखद दुर्घटना के बारे में सुनकर स्तब्ध हूं। कुछ बच्चों की मौत की खबरें आ रही हैं। उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है और मैं प्रशासन से हरसंभव मदद करने का आग्रह करती हूं। भाजपा प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने कहा, नाव पलटने के हादसे पर अपना गहरा दुख व्यक्त करता हूं। मेरी संवेदनाएं इस हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के साथ हैं ।

### 8वीं कक्षा तक के स्कूल बंद

उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में आठवीं कक्षा तक के स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि प्रतिकूल मौसम की स्थिति को देखते हुए सीमांत क्षेत्र कुपवाड़ा जिले में 8वीं कक्षा तक के शैक्षणिक संस्थान मंगलवार को बंद रहेंगे।

# नियमों को ताक पर रख हो रहा रोडवेज बसों का संचालन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नियमों को ताक पर रखकर रोडवेज बसों का संचालन हो रहा है। रोडवेज बसों में सवारियों को भरकर ओवरलोडिंग कर चलाया जा रहा है। अगर घटना होती है तो बडे पैमाने पर जान माल का नुकसान होने की संभावना बनी हुई है। सोमवार को यही हाल नैनीताल के रोडवेज बस स्टैंड में देखने को मिला,जिसमें नियमों को ताक में रखकर बसो में यात्रियों को ठूँस ठूँस कर ले जाया गया।

जानकारी के मुताबिक रोडवेज की 34 सीटर बसों में 65 सवारी को ले जाया गया।ओवरलोड यात्री बस चलाने से ये यात्रा जोखिम भरी है। यात्रा मौत को बुलावा देने जैसा है। बता दें कि ओवरलोडिंग के कारण रविवार को नैनीताल से हल्दवानी जा रही रोडवेज बस संख्या 4313 के दोगॉव के पास ब्रेक फेल हो गए थे जिसके कारण बस ट्रक से जा भिड़ी गनीमत रही कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। नैनीताल से हल्द्वानी रोजाना करीब 25 बसों का संचालन




होता है जो लगभग 50 चक्कर लगाती हैं।जिसमें से अधिकांश बसो में इन दिनों क्षमता से अधिक सवारियों को ढोया जा रहा है। बसों के चुनाव ड्यूटी में जाने के कारण रोडवेज़ बसो की कमी है जिस कारण यात्रियों को मजबूरन भरी बसों का सहारा लेना पड़ रहा है। रोडवेज स्टेशन इंचार्ज जीवन आर्य कहना है कि बसों की कमी के कारण बसे ओवरलोड जा रही हैं। बसों के चालक परिचालक को नियमों का पालन करने का आदेश दिया गया है,अगर ओवरलोड सवारी में बसों का चालान किया जाएगा तो इसकी जिम्मेदारी चालक- परिचालक की होगी।

## बस में सीट को लेकर पर्यटकों का आपस में विवाद

**नैनीताल।** नैनीताल से घूमकर सोमवार को बरेली लौट रहे पर्यटकों का बस में सीट को लेकर आपस में विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो ममला हाथापाई तक जा पहुंचा। इस दौरान पर्यटक घायल भी हो गए। जानकारी के अनुसार बरेली और ऊधम सिंह नगर से कुछ पर्यटक अपने परिवार के साथ रविवार को घूमने नैनीताल पहुंचे थे। सोमवार को पर्यटक वापस जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे लेकिन नैनीताल में भी बसों की कमी के चलते पर्यटकों को लंबा इंतजार करना पड़ा जैसे ही एक बस रोडवेज बस स्टेशन पर पहुंची तो उसमें पर्यटक सीट लेने के लिए टूट पड़े और बस में दरवाजे व खिडक़ी से चढऩे लगे। बस में सीट पाने को लेकर पर्यटकों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढा तो पर्यटकों के बीच बस के अंदर ही मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान वहां अफरा तफरी का माहौल हो गया।

## यूनेस्को और आईयूपीएसी के छात्रों का यूरोप देश चेक गणराज्य में शोध हेतु चयन

**नैनीताल।** विश्व प्रसिद्ध संस्था यूनेस्को और आईयूपीएसी प्रत्येक वर्ष कुछ छात्रों को यूरोप के देश चेक गणराज्य में शोध हेतु चयन करती है तथा छात्रवृत्ति प्रदान करती है। इस वर्ष कुमाऊं विश्वविद्यालय के दीवान सिंह उनियाल का चयन इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में हुआ हैं।

बता दें कि दीवान चेक गणराज्य के मुख्य नगर प्राग में इंस्टीट्यूट ऑफ मैक्रो मॉलिक्युलर केमिस्ट्री में दस माह शोध करेंगे तथा दस माह पश्चात सफलता से शोध पूरा करने पर उनको प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा,साथ ही साथ कुमाऊं विश्वविद्यालय के एक और छात्र मयंक पाठक का चयन चेक गण राज्य के प्रतिष्ठित संस्थान श्रीमलतवओल पदेजपजनजम में पोस्ट डॉक्टोरल पद पर हुआ है। उक्त उपलब्धि हेतु दीवान और मयंक दोनो ने ही अपने कुमाऊं विश्वविद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया है साथ ही साथ अपने माता पिता और मित्र बंधुओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है।

# अंडर-16 जिला लीग में डीके स्पोर्ट्स और कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी जीते

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के दिशा निर्देश पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-16 जिला लीग का मैच जीएन जी मैदान कमलुवागांजा में काठगोदाम स्पोर्ट्स एकेडमी और डीके स्पोर्टस के मध्य खेला गया।

काठगोदाम स्पोर्टस एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 21 ओवर में सभी विकेट खोकर 57 रन बनाये। टीम के लिये नीतीश ने 17 मोहित ने 15 रन का योगदान दिया।? डीके स्पोर्ट्स के लिये राकेश बिष्ट ने 4 विकेट, श्लोक पंत ने 3 विकेट लिये। जवाब में उतरी डीके स्पोर्ट्स की टीम ने निर्धारित लक्ष्य 11वें ओवर में बिना विकेट खोये10 विकेट से बड़ी जीत दर्ज की। डीके स्पोर्ट्स के लिये पृथ्वी रावल ने 26 रन, अर्नव पंत ने 25 रन का योगदान दिया। दूसरा मैच यंग बॉयज क्रिकेट एकेडमी और कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी खेला गया। यंग बॉयज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 44 ओवर में सभी विकेट खोकर 141 रन बनाये। टीम के लिये आयुष सिंह ने 34, पीयूष जोशी ने 32 रन का योगदान दिया।

कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी के लिये अमित पटवाल-के एस रौतेला -पर्थ मठपाल ने 2-2 विकेट लिये?।? जवाब में खेलने उतरी कुमाऊं क्रिकेट एकेडमी की टीम ने निर्धारित लक्ष्य को 5 विकेट के नुकसान पर 39वें ओवर में मैच को 5 विकेट से जीत लिया। टीम के लिये पर्थ मठपाल ने 40 रन ,अर्श टम्टा ने 41 रन की उपयोगी पारी खेलकर अपनी टीम टीम को जीत दिला दी,यंग बॉयज के लिये दीपांशु रावत ने 2 विकेट लिये। अंपायरिंग विजय आर्या, विनय जोशी, हिमांशु चतुर्वेदी, गौरव कांडपाल ने की। स्कोरर नीरज पनेरू और हरप्रीत कंबोज रहे।



## उत्तराखंड मुक्त विवि और जगत गुरु नानक देव पंजाब राज्य मुक्त विवि के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

मुक्त और दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में सहयोगात्मक प्रयासों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति में, उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी , हल्द्वानी और जगत गुरु नानक देव पंजाब स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी, पटियाला ने 15 अप्रैल, 2024 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

एमओयू आदान-प्रदान समारोह में जेजीएनडी पीएसओयू के रजिस्ट्रार प्रोफेसर मंजीत सिंह और उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और निदेशक डॉ. जितेंद्र पांडे के बीच उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो ओपीएस नेगी और जेजीएनडी पीएसओयू के कुलपति प्रो करमजीत सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षरित प्रतियों का आदान-प्रदान किया गया। डॉ. गुरदीप सिंह बत्रा, डीन- अकादमिक, डॉ. कंवलवीर सिंह ढींढसा- परीक्षा नियंत्रक, डॉ. बलजीत सिंह खेहरा- निदेशक-एलएससी, जैसी उल्लेखनीय हस्तियों ने सहयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समझौते में सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों को शामिल किया गया है, जिसमें अनुसंधान और विकास सहयोग, शैक्षणिक कार्यक्रमों में संयुक्त भागीदारी, ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेज (ओईआर) और मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (एमओओसी) को बढ़ावा देना और कार्यक्रम डिजाइन और वितरण में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना शामिल है। समारोह में निदेशकों, परीक्षा नियंत्रक और स्कूलों के प्रमुखों सहित प्रमुख हितधारकों की उपस्थिति देखी गई, जो खुले और दूरस्थ शिक्षा की पहल को आगे बढ़ाने के लिए दोनों संस्थानों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।

## NEWS / फटाफट

### नव नियुक्त प्रधानाचार्य ब्रदर जेरोम ने पदभार ग्रहण किया



**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय सेंट जोसफ कॉलेज के नव नियुक्त प्रधानाचार्य ब्रदर जेरोम ने सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व जेरोम दार्जलिंग कर्षियोंग में थे। उन्होंने कहा कि वह 49 वर्ष से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं। सेंट जोजफ कॉलेज में 2013 एक वर्ष अपनी सेवा दे चुके चुके हैं। जिस कारण इस विद्यालय की प्रत्येक गतिविधि से भलीभांति परिचित हैं। विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को उन्नत बनाने में कोई कसर नहीं छोडेंगे और विद्यालय की परंपराओं का पूर्व की भांति निर्वहन करेंगे। इस मौके पर उन्होंने अभिभावकों से भेंट कर विद्यालय के संचालन में सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। ब्रदर जेरोम से पूर्व ब्रदर पिंटो हेक्टर विद्यालय के प्रधानाचार्य थे उनका स्थान्तरण दर्जलिंग हो चुका है।

### एक अदद चाकू समेत युवक पकड़ा

**हल्द्वानी।** वनभूलपुरा पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। वनभूलपुरा पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान इन्द्रानगर फाटक के पास मुकेश कुमार वर्मा पुत्र स्व. विष्णु वर्मा निवासी लखीमपुर खीरी हाल निवास आकाश गुप्ता मुगरी नगर मण्डी कोतवाली बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया।

### आस्था मर्डर केस में पुलिस के हाथ खाली

**हल्द्वानी।** आस्थ ऊर्फ हत्याकांड के फरार आरोपी को पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पुलिस दिल्ली तक पहुंची भी लेकिन उसकी लोकेशन नहीं मिल पाई। पुलिस ब सौरभ के रिश्तेदारों के भरोसे उस तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। बता दें कि बीती 10 अप्रैल को नीलांचल कालोनी स्थित एक मकान में रूद्रपुर के सुभाषनगर रुद्रपुर निवासी आस्था उर्फ अफसाना का शव बरामद हुआ था। अफसाना अपने पति सौरभ राज और दो बेटियों के साथ रहती थी। हत्या के बाद से ही उसका पति बेटियों को लेकर फरारै । अफसाना के पिता की तहरीर पर पुलिस ने हत्या के आरोप में सौरभ राज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था जिसके बाद से ही पुलिस उसकी तलाश में खाक छान रही है। लेकिन उसका अभी तक सुराग नहीं लग पाया है। सौरभ अपनी पत्नी का मोबाइल लेकर फरार हुआ था लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ होने की वजह से लोकेश नहीं मिल पा रही है। अब पुलिस सौरभ के रिश्तेदारों और मुखबिर तंत्र के सहारे उस तक पहुचने की जुगत में लगी हुई है।

### पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार फिर भाजपा में शामिल

**देहरादून।** लालकुआं विधानसभा सीट से विगत विधानसभा चुनाव में निर्दलीय चुनाव लड़ चुके पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार चौहान ने आज भाजपा में दोबारा वापसी कर ली है, घर वापसी के बाद उन्होंने कहा कि उनकी वापसी से भारतीय जनता पार्टी और अधिक मजबूत होगी तथा लालकुआं विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट बंपर वोटो से आगे रहेंगे, देहरादून में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट द्वारा फूल मालाओं से उनका स्वागत कर उन्हें भाजपा का पटका पहनाया। देहरादून से टेलिफोनिक वार्ता में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तथा लालकुआं विधानसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ चुके पवन कुमार चौहान ने कहा कि इस बार फिर नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट रिकॉर्ड मतों से जीतकर भाजपा 400 पार के मूल मंत्र से भी आगे जाएगी।

### स्मैक के साथ दो युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** आगामी लोकसभा चुनाव में नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। पुलिस ने दो युवकों को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। वनभूलपुरा पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान युवक को ख्वाजा कालोनी के पास 9.10 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपना नाम नदीम पुत्र अनीश निवासी नैनीताल पब्लिक स्कूल के सामने छोटी रोड थाना बनभूलपुरा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

# कम्युनिकेशन एक कला है जिसे हर व्यक्ति को आना चाहिए: प्रो. रूप लाल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्व विद्यालय के विजिटिंग प्रोफेसर तथा फेलो ऑफ नेशनल एकेडमी एफ एनए प्रो. रूप लाल (दिल्ली विश्वविद्यालय) ने सोमवार को डीएसबी परिसर के ओल्ड आर्ट्स सभागार में व्याख्यान दिया।

इस दौरान प्रो. रूप लाल ने अपने व्याख्यान में कहा कि कम्युनिकेशन एक कला है जिसे हर व्यक्ति को आना चाहिए। कम्युनिकेशन हमारे दैनिक जीवन का अंग है, सबके मां बाप चाहते हैं कि उनका बच्चा आगे बढ़े इसलिए अपनी गलती को पहचानना तथा तकनीक का सही इस्तेमाल करें। प्रो रूप लाल कि कहा की बायोलॉजिस्ट बनना है तो कंप्यूटेशनल ज्ञान जरूरी है ।प्रो रूप ने कहा की की जब हम एक बार सास लेते हैं तो तीन मिलियन माइक्रोब्स सूक्ष्म जीव का आदान प्रदान होता है। मानव शरीर में




माइक्रोब्स का वजन डेढ़ किलो होता है,कहा कि हाथ मिलाने पर 7 मिलियन माइक्रोब्स का आदान प्रदान होता है। कहा कि बेहतर जीवन के लिए जीवन दिनचर्या तथा खाना व योगा तथा मोटापा पर विदेश ध्यान दें । कार्यक्रम का संचालन निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय प्रो. ललित तिवारी ने किया।

इससे पूर्व डीन साइंस प्रो. चित्रा पांडे, डीएसडब्लू प्रो. संजय पंत ने प्रो. रूप लाल का स्वागत किया। संयोजक विभागाध्यक्ष प्रो. हरीश बिष्ट ने प्रो रूप लाल का जीवन वृत्त प्रस्तुत करते हुए उनको व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया। प्रो रूप लाल को शॉल ओढाकर तथा पुष्प गुच भेट कर सम्मानित किया गया।

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## संस्कृति की शक्ति

*बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के दोबारा देश की सत्ता संभालने के बाद से उनके खिलाफ 'बॉयकाट इंडिया' अभियान चल रहा है। शेख हसीना ने विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेताओं को भारत की साड़ी को हथियार बनाते हुए जवाब दिया कि विपक्षी नेता अपनी पत्नियों की साड़ियां जलाएं। शेख हसीना ने बताया कि बेगम खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बीएनपी के नेताओं की पत्नियां भारत से साड़ियां खरीदकर बांग्लादेश में बेचती हैं। भारतीय उत्पादों का बहिष्कार ढोंग है। शेख हसीना ने कहा कि गरम मसाला, प्याज, लहसुन, अदरक आदि समाले भारत से आयात होते हैं। विपक्षी नेता भारतीय मसाले खाना बंद करें।*

आधुनिकता व पाश्चात्य संस्कृति की अंधी दौड़ में भारत के अधिकतर युवक और युवती दिशाभ्रमित हो गये हैं। भारतीय संस्कृति, सभ्यता, रीति-रिवाज एवं जीवन पद्धति प्राचीनकाल से ही सर्वश्रेष्ठ और प्रेरणादायी रही है, इसी लिए भारत को विश्वगुरु का सम्मान प्राप्त है। विश्व के अनेक देशों के लोग भारतीय संस्कृति को अपना रहे हैं। अब पड़ोसी देश की राजनीति में भी भारतीय संस्कृति की शक्ति दिख रही है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के दोबारा देश की सत्ता संभालने के बाद से उनके खिलाफ 'बॉयकाट इंडिया' अभियान चल रहा है। शेख हसीना ने विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेताओं को भारत की साड़ी को हथियार बनाते हुए जवाब दिया कि विपक्षी नेता अपनी पत्नियों की साड़ियां जलाएं। शेख हसीना ने बताया कि बेगम खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बीएनपी के नेताओं की पत्नियां भारत से साड़ियां खरीदकर बांग्लादेश में बेचती हैं। भारतीय उत्पादों का बहिष्कार ढोंग है। शेख हसीना ने कहा कि गरम मसाला, प्याज, लहसुन, अदरक आदि समाले भारत से आयात होते हैं। विपक्षी नेता भारतीय मसाले खाना बंद करें। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को भारत समर्थक माना जाता है, चुनाव में जीत के बाद शेख हसीना सत्ता पर काबिज हो गईं तो विपक्ष आरोप लगा रहा है कि भारत ने शेख हसीना को मदद की है। शेख हसीना भारतीय उत्पाद को बढ़ावा दे रही हैं। शेख हसीना को साड़ी पहनना पसंद है। इसलिए भारतीय उत्पादों का बहिष्कार किया जाये। बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान ने पाकिस्तान के तानाशाही शासन के खिलाफ आंदोलन किया था। वर्ष 1971 में भारत ने युद्ध में पाकिस्तान को परास्त कर दुनिया के मानचित्र पर नये राष्ट्र बांग्लादेश को मान्यता प्रदान की। शेख हसीना बंगबंधु मुजीबुर्रहमान की पुत्री हैं। बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु मुजीबुर्रहमान के परिवार पर देश के लिए त्याग कभी भुलाया नहीं जा सकता है। बांग्लादेश अलग राष्ट्र का गठन होने के बाद शेख हसीना के पिता, माता और तीन भाइयों की हत्या कर दी गई थी। बांग्लादेश के लोगों में भारत और शेख हसीना के प्रति सम्मान है। शेख हसीना पांच बार देश की प्रधामंत्री बनी हैं। भारत की सहायता से बांग्लादेश की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। विश्व के अनेक देश भारत से बहुत से सामान का आयात करते हैं। दुनिया की महाशक्ति होने का दावा करने वाले विकसित राष्ट्र भारत से आयात कर रहे हैं। भारत के रक्षा उत्पाद के निर्यात में वृद्धि हुई है। भारत खाद्यान्न सहित अनेक क्षेत्र में आत्मनिर्भर है। विश्व व्यापार के मामले में भारत की उपेक्षा नहीं की जा सकती है।

# तनेजा समेत कई ने थामा भाजपा का दामन

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक शिव अरोरा के प्रयासों से कांग्रेस से निष्कासित पूर्व महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा ने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया।

उनके साथ तीन निर्वतमान पार्षद और कई वरिष्ठ नेता भी शामिल हैं। इस दौरान भट्ट ने पार्टी में शामिल हुए कांग्रेसीओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रमुख विपक्ष दल कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व हो या उत्तराखंड के राजनेता, वो कांग्रेस को नहीं संभाल पा रहे है। और ख्वाब देश को संभालने का देख रहे हैं। विपक्ष आरोप लगाता है कि भाजपा ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स, एनआईए का डर दिखाकर उनके नेताओं को तोड़ रही है। उन्होंने ऐसे आरोप लगाने वालों को करारा जवाब देते हुए कहा कि हल्द्वानी, रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में किस कांग्रेसी नेता या कार्यकर्ता के सेंट्रल एजेंसियों का छापा पड़ा है जो कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। राजनीति को समझने वाले जानते हैं कि कांग्रेस अब इतिहास बनने जा रही है। कांग्रेस में उनका कोई भविष्य नहीं रहा है। वैसे भी कांग्रेस में सिर्फ परिवार को ही अहमियत दी जाती है जबकि भाजपा एक छोटे से कार्यकर्ता को कब फर्श से अर्श तक पहुंचा दे ये कोई नहीं जानता। इसलिए भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों प्रभावित होकर कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा का दामन थाम रहे हैं। विधायक शिव ने कहा कि भाजपा में शामिल हुए सभी लोगों का पूरा सम्मान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अधिकांश लोगों की घर वापसी हुयी है। यह खुशी की बात है कि सभी ने प्रधानमंत्री मोदी के विजन में साथ चलने का संकल्प लिया है। इस दौरान तमाम भाजपा नेता मौजूद थे।

भाजपा में शामिल होने वालों में तनेजा के अलावा मंडी के पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार पांडेय, सुरेश गोरी, रमेश कालड़ा,अमित मिश्रा समेत अन्य है । बता दें कि तनेजा और रमेश को 6 वर्ष के लिए महानगर अध्यक्ष ने पार्टी से तीन दिन पहले ही निष्कासित किया है।



**सदस्यता**

- **भाजपा प्रत्याशी भट्ट ने दिलाई सदस्यता, भट्ट बोले जो अपनी पार्टी नहीं संभाल पा रहे वो देश संभालने का ख्वाब देख रहे हैं**

## युवक ने पड़ोसियों पर लगाया मां व बहन से मारपीट का आरोप

**नैनीताल।** मल्लीताल रुकुट कंपाउंड क्षेत्र निवासी एक युवक ने पड़ोसियों पर उसके घर में घुसकर उसकी मां और छोटी बहन से मारपीट करने के आरोप लगाए हैं। युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

युवक ने कोतवाली में शिकायत करते हुए कहा है कि पड़ोस में रहने वाली दो महिलाएं और उनका बेटा बीते एक सप्ताह से उन्हें परेशान कर रहा है। क्षेत्र में सिविल लाइन लीक होने के कारण बीते दिनों दोनों परिवारों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद पड़ोसी के घर से ही सीवर लाइन बंद होने की पुष्टि हुई। रविवार को दो महिलाएं और उनका बेटा उनके घर में घुस आए। जहां उन्होंने उसकी मां और छोटी बहन के साथ मारपीट की। साथ ही गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि शिकायत के बाद दूसरे पक्ष को भी कोतवाली में बुलाया गया था। सख्त हिदायत देकर दोनों पक्षों को घर भेज दिया गया है।

## इलाज के लिए काम सकता है प्लास्टिक: प्रो. कैनेको

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

आम तौर पर जानलेवा और हानिकार माने जाने वाले प्लास्टिक को लेकर ऐसे शोध सामने आ रहे हैं जिनका दावा है कि प्लास्टिक को इंसान और जानवरों का जीवन बचाने में उपयोग किया जा सकता है। जापान में जन्मे और चीन में पढ़ा रहे प्रोफेसर टैक्सो कनैको ने कुमाऊं विश्वविद्यालय की तरफ से आयोजित विशेष ऑनलाइन व्याख्यान के दौरान प्लास्टिक के सदुपयोग के कई रास्ते सुझाए।

प्रोफेसर कैनेको अपने शोध के जरिए साबित कर चुके हैं कि इस्तेमाल के बाद फेंक दिए जाने वाला प्लास्टिक, गलाकर नष्ट किया जा सकता है और इलाज के लिए इस्तेमाल भी किया जा सकता है। प्रोफेसर कैनेको ने कहा कि प्लास्टिक को कुछ खास तरीके की रासायनिक क्रियाओं से होकर गुजारा जाए तो ये पूरी तरह नष्ट हो सकता है. अगर इसे नष्ट नहीं करना है तो प्लास्टिक वेस्ट को इस तरह परिवर्तित किया जा सकता है कि इससे शरीर में लगने वाले टांके बनाए जा सकते हैं. उन्होंने बताया कि प्लास्टिक से बने इस



तरह के टांकों का इस्तेमाल खासतौर पर उन इलाकों में किया जा सकता है जहां अस्पताल नहीं हैं और फिर भी वहां लोगों के घावों को सिलने की आवश्यकता पड़ती है. टांकों का इस्तेमाल जानवरों के घावों को सिलने के लिए भी किया जा सकता है. प्रोफेसर कैनको के शोध में ये बात भी सामने आई है कि ऐसे प्लास्टिक का इस्तेमाल समुद्री जीवों, जानवरों और छोटे बच्चों की पेट या पाचन संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए किया जा सकता है।

प्रोफेसर कैनेको ने प्लास्टिक के साथ-साथ नेचुरल प्रॉडक्ट्स में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का शोध किया है. इन्हीं शोधों की ख्याति की वजह से प्रोफेसर कैनेको कई अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से भी नवाजे जा चुके हैं। प्रोफेसर कैनेको अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कई महत्वपूर्ण वैज्ञानिक संस्थाओं के सक्रिय सदस्य भी हैं. उनके अनेकों शोधपत्र जाने-माने जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं।कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दीवान एस रावत ने कार्यभार संभालने के बाद विश्वविद्यालय के शैक्षणिक स्तर को और बेहतर करने के लिए कई पहल की हैं। उन्हीं में से एक पहल यहां के शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रही वैज्ञानिक प्रगतियों से जोड़ना भी शामिल है. अतिथि व्याख्यान के दौरान डीएसबी परिसर की डीन साइंस प्रोफेसर चित्रा पांडे ने प्रोफेसर कैनेको की अब तक की शोध और अकादमिक उपलब्धियों के बारे में उपस्थित लोगों को अवगत कराया. कार्यक्रम का संचालन निदेशक विज़िटिंग प्रोफेसर निदेशालय प्रो. ललित तिवारी ने किया. कार्य क्रम ऑनलाइन मध्यम से संपन्न हुआ तथा 78 टीचर्स ,शोधार्थियों ,विद्यार्थी ने प्रतिभाग किया। कार्य क्रम में प्रो सुषमा टम्टा ,प्रो गीता तिवारी,डॉक्टर पैनी जोशी ,डॉक्टर गिरीश खर्कवाल ,डॉक्टर ललित मोहन ,डॉक्टर अंचल अनेजा आदि उपस्थित रहे ।

# फिल्मी दुनिया

## बड़े मियां छोटे मियां- मैदान ने पांचवें दिन की कितनी कमाई



*अप्रैल के महीने में ईद के मौके पर बॉक्स ऑफिस पर दो फिल्में मैदान और बड़े मियां छोटे मियां रिलीज हुईं। अजय देवगन की फिल्म को टिकट खिड़की पर उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिल सकी है। वहीं, अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ अभिनीत फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। इनके अलावा क्रू और गॉडजिला × कॉन्ग भी सिनेमाघरों में टिकी हुई हैं। आइए जानते हैं कि सोमवार के दिन किस फिल्म का कैसा हाल रहा। एक्शन से भरपूर फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम किरदार में हैं। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी यह फिल्म पहले वीकएंड पर बॉक्स ऑफिस पर झंडे गाड़ने में कामयाब रही। सोमवार को कामकाज वाला दिन होने के बावजूद फिल्म की पकड़ बरकरार रही। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक पांचवें दिन इस फिल्म ने दो करोड़ 50 लाख रुपये का कलेक्शन किया। इसके साथ ही भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कुल कमाई 43.3 करोड़ रुपये हो गई है। अजय देवगन की मैदान बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत नहीं कर सकी है। फिल्म धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया की वजह से फिल्म की कमाई में शनिवार और रविवार को अच्छा उछाल देखने को मिला था, लेकिन इसके बाद फिल्म के कलेक्शन में एक बार फिर गिरावट दर्ज की गई है।*

### 50 लाख रुपये का कलेक्शन

*ताजा आंकड़ों के मुताबिक सोमवार को फिल्म ने एक करोड़ 50 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 23.5 करोड़ रुपये हो गई है। करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन की फिल्म क्रू बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई है। पहले हफ्ते में इस फिल्म ने 43.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं, दूसरे हफ्ते में फिल्म ने 21.45 करोड़ रुपये बटोरे थे। ताजा आंकड़ों के मुताबिक 19वें दिन फिल्म ने 43 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 69.83 करोड़ रुपये हो गई है।*

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा डोर टू डोर अभियान

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

भाजपा से नैनीताल ऊधमसिंह नगर लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में मतदान करने के लिए बनभूलपुरा मुस्लिम बहुल क्षेत्र नई बस्ती ताज मस्जिद से लेकर इंदिरा नगर बड़ी रोड व छोटी रोड में डोर टू डोर जनसंपर्क पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा नैनीताल हाजी महबूब अली के निवास गोपाल मंदिर से जनसंपर्क शुरू किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दर्जा राज्य मंत्री मज़हर नईम नवाब हल्द्वानी नगर भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रताप रैकवार मौजूद रहे। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कोषध्यक्ष इसरार हुसैन पूर्व जिला अध्यक्ष महबूब अली जिला उपाध्यक्ष फारूक अंसारी मोहम्मद इलियास आबिद हुसैन मोहम्मद नाजिम मोहम्मद सुलेमान भूरा हाजी तकी अमन अल्वी जमाल सिद्दीकी अफजल कुरेशी फहीम रिजवी चांद बरसी आदि भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुस्लिम समाज प्रधान मंत्री मोदी के नेतृत्व जनकल्याणकारी योजनाओं व प्रदेश की धामी सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर भारी संख्या में भाजपा से जुड़ रहा हैं इस मौके पर मजार नवाब नहीं ने कहा कि 19 अप्रैल को कमल का बटन दबाकर भारी संख्या में मतदान करे हैं। वही प्रदेश कोषाध्यक्ष इसरार हुसैन ने मतदाताओं से अपील की है कि अपने मत का प्रयोग अवश्य करें और ज्यादा से ज्यादा कमल के फूल वाला बटन दबाकर भाजपा को जिताएं।



News कॉर्नर

### आबकारी निरीक्षक को दिए निलंबन के आदेश पर रोक

**नैनीताल।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने चुनाव ड्यूटी से कथित तौर पर अनुपस्थित रहने के कारण अल्मोड़ा में जिला आबकारी अधिकारी डीके त्रिपाठी की ओर से आबकारी निरीक्षक बंजीत सिंह को दिए गए निलंबन आदेश पर रोक लगा दी। इस मामले में आबकारी निरीक्षक के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धारा के तहत प्राथमिकी भी दर्ज कराई है। कोर्ट ने निरीक्षक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई पर भी अंतरिम रोक लगाते हुए जिला आबकारी अधिकारी को दो सप्ताह के भीतर शपथपत्र देने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई को 14 जून की तिथि नियत की है। बता दें कि भिकियासैंण (अल्मोडा) में तैनात आबकारी निरीक्षक को 22 मार्च को निलंबित कर दिया गया और उसी दिन आरोप पत्र भी दे दिया गया। निलंबन का कारण आम चुनाव ड्यूटी से उनकी अनुपस्थिति को बताया गया। याचिकाकर्ता के वकील ने आदेश और आरोप पत्र में अस्पष्टता को उजागर करते हुए निलंबन के आधार का विरोध किया।

### ट्रांजिट कैंप पुलिस ने गिरफ्तार किया वारंटी

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक एसएसपी के निर्देश पर पुलिस का वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई को अभियान चल रहा है। इसी कार्रवाई के दौरान थाना ट्रांजिट कैंप के निरीक्षक भारत सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने अभियान चलाया और पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार प्रेम चन्द पुत्र होरीलाल निवासी शिमला बहादुर थाना ट्रांजिट कैम्प को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही।

# नहीं कर पाएंगे उत्तराखंड की जेलों के कैदी मताधिकार का प्रयोग

उत्तरांचल दीप

**सलीम खान, हल्द्वानी**



उत्तराखंड की जेलों के कैदी अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाएंगे। जेलों में जनप्रतिनिधित्व एक्ट लागू होने से कैदी वोट देने से वंचित हो गए हैं। जबकि अंडर ट्रायल कैदियों को चुनाव लड़ने का अधिकार होगा। उत्तराखंड की 11 जेलों में बंदियों और कैदियों को मिलाकर 6540 लोगों को रखने की क्षमता है, लेकिन मौजूद लोगों की संख्या के हिसाब से अधिकांश जेलें ओवरलोड हो चुकी हैं। वर्तमान में इन जेलों में 6937 कैदी बंद हैं। स्टाफ व अधिकारियों के कई पद भी खाली है। छह जिलों में नई जेल बनाने का प्रस्ताव पूर्व में तैयार हुआ था, मगर मामला अटका हुआ है। अंडर ट्रायल यानि जिनका मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है। दोष साबित होने के बाद सजा का एलान होगा, लेकिन जेल की चहारदीवारी ने वोट न देने की सजा पहले ही दे दी है। जनप्रतिनिधि एक्ट की वजह से जेल में बंद कोई भी व्यक्ति वोट नहीं दे सकता। उत्तराखंड के अलग-अलग जेलों में पुरुषों के अलावा महिलाओं को भी रखा गया है। बच्चे छोटे होने की वजह से कई महिलाओं को इन्हें भी मजबूरी में साथ रखना पड़ता है। अफसरों के मुताबिक किसी भी मामले में दोष सिद्ध होने से पहले तक व्यक्ति जेल के अंदर रहकर चुनाव भी लड़ सकता है, लेकिन जनप्रतिनिधि कानून 1951 की धारा 62 (5) की वजह से वोटिंग का अधिकार किसी को नहीं होता।

### एक अधिकारी ने मांगी थीमतदान की अनुमति

2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान किसी मामले में जेल में बंद उत्तराखंड के संयुक्त सचिव पद के एक अधिकारी ने मतदान की अनुमति मांगी थी। तब तत्कालीन मुख्य निर्वाचन अधिकारी राधा रतूड़ी ने आइजी जेल से रिपोर्ट तलब की थी। जिसके बाद आइजी जेल ने एक्ट का हवाला देकर वोटिंग का अधिकार न होने की बात कहीं थी। रिपोर्ट के आधार पर तब डीएम देहरादून को ऐसी किसी भी तरह की अनुमति देने से मना कर दिया गया था

*जनप्रतिनिधित्व एक्ट लागू होने की वजह से इन्हें मतदान का अधिकार नहीं है। जिस वजह से और सजायाफ्ता कोई अंडर ट्रायल कोई भी व्यक्ति वोट नहीं दे सकता।*

***-सतीश शुक्ला, अधीक्षक, उप कारागार हल्द्वानी***

### इन जेलों में हैं बंद इतने कैदी

- जिला कारागार देहरादून में 1499 कैदी
- जिला कारागार हरिद्वार में 1580 कैदी
- जिला जेल नैनीताल में 178 कैदी
- जिला अल्मोड़ा में 354 कैदी
- जिला जेल चमोली में 128 कैदी
- जिला जेल टिहरी में 198
- जिला जेल पौड़ी में 168
- उप कारागार हल्द्वानी में 1540
- जिला जेल रूड़की में 439 कैदी
- संपूर्णानंद खुली जेल सितारगंज में 48
- केंद्रीय कारागार सितारगंज में 805
- कुल- 6937

# जनपद में चल रहा है पुलिस का ऑपरेशन प्रहार तीन वारंटी दबोचे

रुद्रपुर

**हमारे संवाददाता**



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनपद पुलिस का वारंटियों और बांछितो के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। कोतवाली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन प्रहार के तहत तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस तीनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। बता दें कि ने एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर जनपद पुलिस द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाए रखने को आपरेशन प्रहार चलाया जा रहा है। इसी के तहत एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल और सीओ रुद्रपुर तथा प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में रम्पुरा पुलिस चौकी प्रभारी नवीन बुधानी, एएसआई नवीन जोशी समेत अन्य टीम में शामिल पुलिस कर्मी क्षेत्र में वारंटियों व वांछितों के खिलाफ कर रहे। कोतवाल ने बताया कि पुलिस ने धारा 323/504/506 आईपीसी अमृत पाल सिंहनिवासी फाजलपुर महरौला रुद्रपुर, धारा फाजलपुर महरौला फेस दो गली नंबर 4 प्रीत विहार निवासी अमरजीत सिंह को 323/452/504/506 आईपीसी के तहत गिरफ्तार किया। इसके अलावा फौजदारी वाद संख्या 1950/2019धारा 138 एनआई एक्ट के तहत चिरंजीव पांडे निवासी भदईपुरा दूधिया नगर रूद्रपुर को भी गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि तीनों कोर्ट में तारीख पर हाजिर नहीं हो रहे। इस कोर्ट से वारंट जारी किए गए। पुलिस ने कोर्ट से जारी वारंट पर कार्रवाई करते हुए तीनो को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। टीम में ध्यान सिंह आदि पुलिस कर्मी शामिल थे।

# नैनीताल जिले में 1459 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से वोट किया

हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**

चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए चुनाव ड्यूटी में लगी विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों ने 14 अप्रैल तक जनपद में लगभग 2 करोड 12 लाख की नगदी, शराब, ड्रग एवं बहुमूल्य धातु जब्त की गई।

जिसमें नगद धनराशि 47 लाख, अवैध शराब 49 लाख तथा ड्रग्स/मादक पदार्थ 78 लाख रूपये तथा बहुमूल्य धातुएं 37 लाख तथा 0.2 लाख की अन्य सामग्री जब्त की गई। यह जानकारी नोडल अधिकारी मीडिया विशाल मिश्रा ने दी। उन्होंने कहा विभिन्न प्रवर्तन एजेसिंयों द्वारा आगे भी कार्यवाही तेजी से की जायेगी। लोक सभा सामान्य निर्वाचन चुनाव की घोषणा के बाद 14 अप्रैल तक जनपद के सभी विधानसभाओं में सी-विजिल शिकायत एप के माध्यम से 646 शिकायतें लोगों ने की। जिसमें से 631 शिकायतों का निस्तारण किया गया। नोडल अधिकारी मीडिया मिश्रा ने बताया कि जनपद में बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाताओं के प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण समाप्त होने पर जनपद के सभी विधान सभाओं के 1556 मतदाताओं में से 1459 मतदाताओं द्वारा पोस्टल बैलेट से वोट किया जो लगभग 93.7 प्रतिशत है।

उन्होंने बताया कि चुनाव ड्यूटी में लगे सभी विधानसभाओं के कार्मिकों ने 14 अप्रैल तक 1189 कार्मिकों ने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है। इनमें विधानसभा लालकुआं के 147, भीमताल के 57, नैनीताल के 137, हल्द्वानी के 130, कालाढूगी के 333 तथा विधान सभा रामनगर के 385 कार्मिक शामिल हैं। यह प्रक्रिया 17 अप्रैल तक गतिमान है।

# भाजपा का घोषणा पत्र विकास का रोड मैप और मोदी गारंटीः भट्ट

देहरादून

**हमारे संवाददाता**

भाजपा ने अपने चुनाव घोषणा पत्र को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा यह मोदी की गारंटी है जिस पर विकसित भारत का निर्माण होगा। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि भाजपा संकल्प को साकार करती हैं, इसलिए विजन डाक्यूमेंट को व्यवहारिक और जनअपेक्षा अनुरूप बनाते हैं। लेकिन विपक्षी घोषणापत्र के नाम पर झूठे एवं असंभव वादे करते हैं।

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके जैसे असंवेदनशील और गैरजिम्मेदार संगठन कभी भी घोषणापत्र को गंभीरता से नहीं लेती रही है जब जीत का दूर दूर तक अंदाजा नहीं हैं। उनके लिए घोषणापत्र का अर्थ 25 अव्यवहारिक एवं झूठे वादों को 5 भागों में बांटने से अधिक नहीं है। जबकि भाजपा ने विकसित भारत के इस दृष्टि विजन को जनता के सुझावों से बनाया है। कुल 15 लाख सुझाव हमे प्राप्त हुए जिसमे नमो एप से 4 लाख और वीडियो वैन से 10 लाख से मिले हैं और शेष सुझाव व्यक्तिगत, संस्थाओं एवम कार्यक्रम के दौरान प्राप्त हुए। 1000 से अधिक प्रचार वीडियो वैन में मौजूद पत्र पेटिका ने जन जन तक पहुंच कर उनकी अपेक्षाओं और विजन को एकत्र किया है। जिन्हे प्रदेश स्तर की संकल्प पत्र कमेटी द्वारा स्क्रीन कर राष्ट्रीय घोषणापत्र समिति को सौंपा गया। ऐसी जटिल एवं दीर्घकालीन प्रक्रिया का पालन करना तो दूर उसे समझना भी विपक्ष के लिए असंभव है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के घोषणापत्र, देश चलाने के विजन से अधिक मार्केटिंग कंपनियों की सीजनल स्कीम से अधिक नहीं है। उनके वादे असंभव और हवा हवाई हैं जो देश को आर्थिक रूप से खोखला करने वाला और देश को पीछे के जाने वाले हैं। वहीं भाजपा का घोषणा पत्र विकसित भारत का रोड मैप है, जिस पर चलकर 2047 तक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होना है। इसी तरह गरीब कल्याण की गारंटी में फ्री राशन, पीएम आवास, अटल आयुष्मान योजना, उज्जवला गैस कनेक्शन, हर घर नल से जल, पीएम सूर्य घर योजना, मुद्रा लोन देवभूमि के लोगों की जिंदगी में बड़ा बदलाव लेकर आएंगे। इसी तरह पार्टी के घोषणा पत्र में सुरक्षित और सशक्त भारत की गारंटी का होना, देवभूमि की राष्ट्रवादी जनता की भावनाओं का प्रतीक है। साथ ही जोर देते हुए कहा भाजपा और मोदी जो कहते हैं वह करते हैं, जिसका प्रमाण है इन 10 वर्षों का कार्यकाल है। लिहाजा इस बार भी मोदी की गारंटी पर देश भरोसा करते हुए 400 पार का लक्ष्य पूरा करने जा रहा है।

### सैनिक विद्यालय के पूर्व छात्र विनय के निधन पर शोक सभा

**नैनीताल।** नगर के भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में सोमवार को पूर्व छात्र विनय वर्मा के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने कहा कि दिवंगत विनय वर्मा ने भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय से इंटरमीडिएट किया हुए अत्यंत विनम्र और अनुशासित विद्यार्थी रहे उनका हृदय आघात से 13 अप्रैल को निधन हो गया। विद्यालय के समस्त परिवार ने दिवंगत आत्मा के लिए दो मिनट का मौन रखा।

# महिला का पर्स समेत सोने के झुमके और नगदी चुराई

हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**

बाजार में खरीददारी करने गई एक महिला का पर्स उच्चके ने चोरी कर लिया। महिला के पर्स में सोने के झुमके और 7 हजार रूपए की नगदी थी। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

ग्राम आनंदपुर चांदनी चौक बल्यूटिया हल्द्वानी निवासी इंद्रा दरम्वाल ने मंगलपड़ाव चौकी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपनी बुआ के साथ खरीददारी करने के लिए आई थी। उसने हल्द्वानी से एक जोड़े सोने के झुमके खरीदे थे। उसने झुमके और 7 हजार रूपए की नगदी पर्स में एक साथ रख दी। जब कालूसिद्ध मंदिर के सामने कपड़े के ठेले पर पहुंची और देखा कि उसका पर्स गायब था। महिला ने पर्स बरामदगी की गुहार लगाई है।

### मकान से पानी की मोटर चोरी

**हल्द्वानी।** शहर के लालडांठ स्थित सुरभी कालोनी के एक मकान से चोरों ने पानी की दो मोटर व अन्य कीमती सामना चुरा लिया है। पीड़ित की ओर से मामले की शिकायत पुलिस में की गई है। सुरभी कालोनी मल्ली बमौरी निवासी भूपेंद्र कुमार पाण्डे पुत्र स्व. धर्मानंद पाण्डे ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है एक चोर ने पानी की दो मोटरें व अन्य कीमती सामान चुरा लिया। युवक चोरी करता हुआ सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।

# वनभूलपुरा के पीड़ितों की मदद को आगे बढ़े हाथ

हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**



क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन, इंकलाबी मजदूर केन्द्र, प्रगतिशील भोजनमाता संगठन व प्रगतिशील महिला एकता केन्द्र ने कौमी एकता, दोस्ती, शांति, साझी विरासत के लिए लक्सर बादशाहपुर में अभियान चलाया गया और हल्द्वानी वनभूलपुरा के पीड़ित लोगों के लिए चंदा भी किया गया।

8 फरवरी को हल्द्वानी के वनभूलपुरा क्षेत्र में प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के नाम पर मस्जिद और मदरसे को तोड़ दिया। इस घटना के बाद बनभूलपुरा में हिंसा और आगजनी हुयी जिसमें सैकड़ों लोग घायल हुए, अभी तक 7 लोग मारे गए और सैकड़ों लोग पलायन को मजबूर हुए। इससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल अभी तक बना हुआ है। सरकार देश मे नफरत की राजनीति कर रही है। नजूल भूमि के नाम पर लोगों को उनके घरों से उजाड़ने पर आमादा है। इसका शिकार; हिन्दू, मुस्लिम, सिख सभी धर्मों के आम मेहनतकश लोग हो रहे हैं।

जब उत्तराखंड में जी20 की बैठक हुई तब तमाम लोगों को जो सड़क किनारे फड़-खोखे लगा अपना जीवन यापन कर रहे थे उनको उजाड़ दिया गया। आज भी हल्द्वानी, रुद्रपुर, हरिद्वार, देहरादून सब जगह सड़क चौड़ीकरण या ऐलीवेटेड सड़कों के नाम पर लोगों को उजाड़े जाने का यह सिलसिला जारी है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर मस्जिदों-मजारों को निशाना बनाया जा रहा है। आज देश में कौमी एकता को कायम रखने की आवश्यकता है।

वनभूलपुरा में मारे गए, घायल या गिरफ्तार लोगों के परिजन सामान्य जरूरतों से भी वंचित हैं। गिरफ्तार लोगों को न्यायिक प्रक्रिया में अपना पक्ष रखने के लिए मदद की जरूरत है। इसलिए क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन, इंकलाबी मजदूर केन्द्र, प्रगतिशील भोजनमाता संगठन व प्रगतिशील महिला एकता केन्द्र उनके सहयोग के लिए चंदा एकत्रित कर रहे हैं ताकि उन तक कुछ मदद पहुंच सके।